राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से बड़ी संख्या में लोगों ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई दी

जयपुर, 1 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मिलने के लिए नव वर्ष के पहले दिन प्रातः से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। श्री मिश्र को गणमान्य लोग, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने मिलकर नव वर्ष की बधाई दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने भी नव वर्ष की शुभकामना देते हुए सभी की संपन्नता खुशहाली और प्रसन्नता के लिए कामना की।

———

राज्यपाल को लोकायुक्त ने वार्षिक रिपोर्ट सौंपी

लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री लोहरा और राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मधुकर गुप्ता ने की मुलाकात

जयपुर 1 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री प्रताप कृष्ण लोहरा और राज्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री मधुकर गुप्ता ने मुलाकात की।

श्री लोहरा और श्री गुप्ता ने इस दौरान राज्यपाल श्री मिश्र को नव वर्ष की शुभकामना दी। न्यायमूर्ति श्री लोहरा ने इस दौरान राज्यपाल को 'लोकायुक्त वार्षिक रिपोर्ट 2023' भेंट की।

—————

Lokayukta Rajasthan
Annual Report 2023
50
Golden Jubilee
SERVING SINCE 1973